http://www.upboardonline.com

142

340 (XM)

2020

समाजशास्त्र

समय : तीन घण्टे 15 मिनट] *[पूर्णांक : 100*

निर्देश :

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

*(ii) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं ।*

(iii) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 11 से 20 तक अति लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 25 शब्दों में देना है । प्रश्न संख्या 21 से 26 तक लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 50 शब्दों में देना है और प्रश्न संख्या 27 से 29 तक दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है ।

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

(बहु-विकल्पीय प्रश्न)

नोट : इस खण्ड में प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से केवल एक उत्तर सही है । सही उत्तर चुनकर उसे अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

1. 'संस्कृतीकरण' शब्द की उत्पत्ति किसने की ? 1
   (i) एम.एन. श्रीनिवास
   (ii) एस.सी. दूबे
   (iii) राधाकमल मुखर्जी
   (iv) आन्द्रे बेतेई

2. भारत में 2011 की जनगणना के अनुसार स्त्री-पुरुष अनुपात (स्त्रियाँ प्रति 1000 पुरुष) कितना था ? 1
   (i) 933 (ii) 940
   (iii) 927 (iv) 934

3. संविधान के किस संशोधन में पहली बार पंचायती राज को संवैधानिक प्रस्थिति प्रदान की गई ? 1
   (i) 42वें संशोधन में
   (ii) 72वें संशोधन में
   (iii) 73वें संशोधन में
   (iv) 74वें संशोधन में

4. 'ऑल इण्डिया किसान सभा' का उदय कब हुआ ? 1
   (i) 1929 (ii) 1920
   (iii) 1940 (iv) 1936

5. एम.एन. श्रीनिवास का पूरा नाम क्या है ? 1
   (i) मैसूर नाथ श्रीनिवास
   (ii) महेन्द्र नाथ श्रीनिवास
   (iii) महेन्द्र नारायण श्रीनिवास
   (iv) मैसूर नरसिंहाचार श्रीनिवास

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

6. राष्ट्रवाद का जन्म किसके परिणामस्वरूप हुआ ? 1
(i) सम्प्रदायवाद (ii) उपनिवेशवाद
(iii) जातिवाद (iv) प्रजातिवाद

7. भारत में वाणिज्यिक मोबाइल सेवाएँ प्रारंभ हुईं 1
(i) 1950 से (ii) 1975 से
(iii) 1995 से (iv) 1999 से

8. 'मज़दूर संघ' (ट्रेड यूनियन) की स्थापना किसने की ? 1
(i) बी.पी. वाडिया (ii) महात्मा गाँधी
(iii) एम.एन. रॉय (iv) बाबासाहेब अम्बेडकर

9. 'ब्रह्म समाज' की स्थापना कब हुई ? 1
(i) 1828 (ii) 1829
(iii) 1839 (iv) 1838

10. किसने कहा कि, "राज्य एक ऐसा निकाय होता है जो एक विशेष क्षेत्र में विधिसम्मत एकाधिकार का सफलतापूर्वक दावा करता है" ? 1
http://www.upboardonline.com
(i) दुर्खीम (ii) कॉम्टे
(iii) मार्क्स (iv) मैक्स वेबर

(अति लघु-उत्तरीय प्रश्न)

11. मातृवंशीय परिवार से आप क्या समझते हैं ? 3
12. वस्तुयीकरण या पण्यीकरण को समझाइए । 3
13. सोप ओपेरा का क्या अर्थ है ? 3
14. सामाजिक अपवर्धन या बहिष्करण का क्या आशय है ? 3
15. जनतान्त्रिक राजनीति से आप क्या समझते हैं ? 3
16. आधुनिकीकरण की तीन विशेषताएँ बताइए । 3
17. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की नगरीय और ग्रामीण जनसंख्या कितनी है ? 3
18. सामाजिक सर्वेक्षण किसे कहते हैं ? 3
19. सम्प्रदायवाद या साम्प्रदायिकता से आप क्या समझते हैं ? 3
20. भूमि सुधार से आप क्या समझते हैं ? 3

http://www.upboardonline.com

http://www.upboardonline.com

(लघु-उत्तरीय प्रश्न)

21. हरित क्रान्ति का अर्थ समझाते हुए कृषक समाज पर पड़ने वाले इसके प्रभावों का उल्लेख कीजिए । 6
22. सांस्कृतिक विविधता का क्या अर्थ है ? भारत को एक अत्यंत विविधतापूर्ण देश क्यों माना जाता है ? 6
23. कृषक एवं नव किसान आन्दोलनों के मध्य अंतर स्पष्ट कीजिए । 6
24. हित समूह (दबाव समूह) को परिभाषित कीजिए । यह किस प्रकार प्रकार्यशील लोकतंत्र का अभिन्न अंग है ? चर्चा कीजिए । 6
25. साक्षात्कार पद्धति को समझाइए तथा उसके गुण एवं दोषों का उल्लेख कीजिए । 6
26. अल्पसंख्यक वर्ग क्या होता है ? अल्पसंख्यक वर्गों को राज्य से संरक्षण की ज़रूरत क्यों होती है ? 6

(दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

27. स्त्रियों की समानता और अधिकारों के लिए किए गए कुछ प्रमुख प्रयासों का विस्तृत वर्णन कीजिए । 8

अथवा

उपनिवेशवाद क्या है ? उपनिवेशवाद आने के पश्चात् भारतीय अर्थव्यवस्था किन अर्थों में बदली है ? विस्तृत चर्चा कीजिए ।

28. मृत्यु दर और जन्म दर का क्या अर्थ है ? कारण स्पष्ट कीजिए कि जन्म दर में गिरावट अपेक्षाकृत धीमी गति से क्यों आती है जबकि मृत्यु दर बहुत तेज़ी से गिरती है । 8

अथवा

नगरीकरण क्या है ? इसके गुण एवं दोषों की व्याख्या कीजिए तथा इसके दोषों को दूर करने के उपाय सुझाइए ।

29. समाचार-पत्र उद्योग में जो परिवर्तन हो रहे हैं, उनकी रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए । इन परिवर्तनों के बारे में आपकी क्या राय है ? 8

अथवा

परिवार से आप क्या समझते हैं ? परिवार के प्रकारों की विस्तृत चर्चा कीजिए ।

http://www.upboardonline.com
http://www.upboardonline.com